हरिभूमि

जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 25 .9 डिग्री
न्यूनतम 22 .6 डिग्री

12 मंडियों में अव्यवस्थाओं की पोल खुली बरसात से खुले में पड़ा धान भीगा



12 लीलाओं से मानव का पथ प्रदर्शित करते रहे भगवान श्रीकृष्ण



खबर संक्षेप

व्यक्ति से आनलाइन ठगे पौने तीन लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर कॉल कर एक व्यक्ति से 2 लाख 88 हजार 300 रुपये आनलाइन ठग लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ति शिव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 से 13 नवंबर 2025 के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसके व्हाट्सएप मोबाइल नंबर पर कॉल की गई। इस दौरान उसके साथ ऑनलाइन ठगी की गई और कुल 2 लाख 88 हजार 300 रुपये की राशि ठग ली गई।

तीन स्थानों से चोरी कर किया हजारों का सामान

यमुनानगर। जिले में चोरों ने अलग अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव काठगढ़ निवासी अमित अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत बीती रात अज्ञात व्यक्ति उसके घर से लोहे की छह ग्रिल चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। मामले में बिलासपुर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

नौकरी लगवाने के नाम पर 8 लाख की ठगी

अंबाला। थाना शहजादपुर पुलिस ने टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती कराने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जम्मू कश्मीर के कुलबीर सिंह के रूप में हुई है। गांव कोड़वा खुर्द के अवतार सिंह ने 5 जुलाई 2026 को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार आरोपी कुलबीर सिंह ने वर्ष 2021 के दौरान टेरिटोरियल आर्मी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गहनता से जांच करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से ठगी की गई राशि बरामद की जाएगी।

न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर हड़प लिए 5.30 लाख रुपये

यमुनानगर। न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर छह लोगों ने एक युवक से 5 लाख 30 हजार रुपये लेकर हड़प लिए। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव भेड़थल निवासी गौरव शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह गत अप्रैल में न्यूजीलैंड जाने के लिए मोहाली स्थित कंसल्टेंसी के कार्यालय में गया था।

तीन दिन से मंडी में बैठे किसानों को नहीं मिल रहा धान का भाव

धान खरीद में कटौती के आरोपों पर कृषि मंत्री के सामने हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/घरौंडा

अनाज मंडी में धान की खरीद और उठान में देरी को लेकर किसानों की नाराजगी बढ़ गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि वे तीन दिन से मंडी में धान बेचने के इंतजार में बैठे हैं, लेकिन उनकी फसल की खरीद नहीं हो रही। नमी के नाम पर धान के भाव में भारी कटौती किए जाने के आरोपों ने भी विवाद बढ़ा दिया है। इसी मुद्दे पर रविवार को किसानों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सामने अपनी समस्याएं रखीं। मंडी में किसानों और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बहस होने की बात भी सामने आई। किसानों का आरोप है कि नमी के नाम पर प्रति क्विंटल 250 से 400 रुपये तक की कटौती की जा रही है। कुछ किसानों ने धान का भाव 2000 रुपये प्रति क्विंटल तक मिलने की आशंका जताई, जबकि एक किसान ने 2200 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद किए जाने का आरोप लगाया। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

- नमी के नाम पर 250 से 400 रुपये प्रति क्विंटल तक कटौती का आरोप



घरौंडा। मंडी में धान खरीद और नमी के नाम पर कटौती को लेकर किसानों से बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

नमी के नाम पर कटौती पर उठाए सवाल

किसान नेता जगदीप औलख ने कहा कि धान की खरीद में आ रही दिक्कतों और नमी के नाम पर की जा रही कटौती की जानकारी मंत्रियों तथा अधिकारियों को है। उन्होंने कहा कि घरौंडा मंडी में राइस मिलरों की कमी के कारण भी खरीद प्रभावित हो रही है। उनके अनुसार, 20 प्रतिशत तक नमी वाली धान में नियमानुसार कटौती करीब 75 रुपये प्रति क्विंटल बनती है, जबकि किसानों से इससे कहीं अधिक रकम काटे जाने के आरोप हैं। उन्होंने मांग की कि नमी के आधार पर कटौती के नियम स्पष्ट किए जाएं और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले।

कृषि मंत्री ने बारिश और हड़ताल को बताया कारण



कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कुछ मंडियों में धान का उठान धीमा हुआ है। इसके पीछे बारिश और राइस मिलरों की हड़ताल भी कारण रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से बातचीत कर उठान में तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि किसानों की फसल का पूरा भुगतान मिले और कोई भी किसान खरीद से वंचित न रहे।

मंडी के आंकड़े भी बता रहे धीमी खरीद

प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 11 अक्तूबर तक घरौंडा मंडी में धान की कुल आवक 2.37 लाख क्विंटल रही। इनमें से 83 हजार क्विंटल धान की खरीद हुई और 19,500 क्विंटल का उठान दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार, खरीद की तुलना में उठान की गति धीमी रही। दूसरी ओर, भाजपा कार्यकर्ताओं निशांत राणा, पवन ढाकला और संजय खर्ब ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने किसानों से खरीद प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतें लिखित रूप में देने की अपील की, ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

गेस्ट टीचर्स का धरना समाप्त

कल चंढीगढ़ में मुख्यमंत्री से शाम 5 बजे होगी मुलाकात



कुरुक्षेत्र। बारिश में धरने पर बैठे गेस्ट टीचर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर से आए गेस्ट टीचरों का कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूरी पर जिंदल चौक पर जारी धरना समाप्त किया गया। कल गेस्ट टीचर्स चंडीगढ़ में शाम 5 बजे मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। बारिश के बावजूद शिक्षक धरनास्थल पर डटे रहे। बारिश से बचने के लिए उन्होंने आसपास लगे फ्लेक्सों का सहारा लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे घर वापस नहीं लौटेंगे। गेस्ट टीचरों ने सरकार से उनकी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपने भविष्य और सेवा से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। धरने का नेतृत्व कर रहे गेस्ट टीचरों के प्रधान दिनेश यादव ने कहा कि दूसरे दिन भी सरकार और प्रशासन की ओर से उनसे बातचीत नहीं की गई है।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठग लिए 19 लाख 92 हजार 700 रुपये

यमुनानगर। विदेश भेजने के नाम पर सात लोगों ने एक युवक से 19 लाख 92 हजार 700 रुपये ठग लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव रामपुर निवासी निखिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले वह विदेश में जाकर रोजगार करना चाहता था। इस दौरान उसकी अमरजीत सिंह, विक्रांत, सोनिया, आकाश, रमनदीप कौर, रुहानी व नितिन के साथ मुलाकात हुई। आरोपियों ने उसे न्यूजीलैंड भेजकर अच्छा वर्मा ने उसे विदेश भेजकर अच्छा रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया। उस समय वह आरोपियों के झांसा में आ गया। उस समय आरोपियों ने उससे विदेश भेजने की एवज में 19 लाख 92 हजार 700 रुपये ले लिए।

10-12 लोगों ने घर में घुसकर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की दुर्गा कॉलोनी निवासी निर्भय व इसकी पत्नी उषा ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर हमला करने, जमकर तोड़फोड़ करने और नकदी-जेवरात ले जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित दंपति का आरोप है कि करीब बारह लोग डंडे लेकर घर में घुसे और ईंट-पत्थर बरसाए।

हमले के दौरान दरवाजे, खिड़कियां, सीसीटीवी कैमरे और अलमारी तक तोड़ दी गई। इधर, दंपति ने थाना किला पुलिस को शिकायत दी है। इधर, जांचाधिकारी सज्जन सिंह ने कहा कि दंपति की शिकायत की जांच की जा रही है। पीड़ितों के मुताबिक, उनके पास तोड़फोड़ से संबंधित वीडियो भी है, जिसमें आरोपी सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर जमीन पर पटकता दिखाई देता है। उनके पास घर के खिड़की दरवाजों पर हमला करने की भी वीडियो है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बार-बार शिकायत देने के बावजूद पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की गई। दुर्गा कॉलोनी निवासी निर्भय और उनकी पत्नी उषा के मुताबिक, वे घर से ही ऑनलाइन पैकेजिंग का काम करते हैं। उनके यहां चार से पांच महिलाएं काम करती हैं। उषा का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग इन महिलाओं पर अश्लील इशारे करते थे। विरोध करने पर विवाद बढ़ा और मामला हमले तक पहुंच गया।

डंडों से हमला, ईंट-पत्थर बरसाने का आरोप

पीड़ित परिवार के अनुसार, शनिवार सुबह करीब दस बजे 10 से 12 लोग उनके घर में घुस आए और मारपीट के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने घर के दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त कर दीं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और अलमारी को भी नुकसान पहुंचाया। परिवार का दावा है कि इसी दौरान अलमारी से नकदी और जेवरात गायब हो गए। पीड़ितों ने इनकी कुल कीमत करीब 10 से 12 लाख रुपए बताई है।

बिजली निगम के इंजीनियर से ठगी

कुरुक्षेत्र। ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने के लालच में बिजली विभाग के एक अधिकारी से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फेसबुक पर इन्वेस्टमेंट का लिंक भेजकर अधिकारी से संपर्क किया और उन्हें एआई क्वांटम के नाम पर ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाकर तेल, सोने और चांदी में निवेश करने के लिए कहा। शुरूआत में अकाउंट में मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता, लेकिन जब अधिकारी ने अपनी रकम निकालनी चाही तो टैक्स और अन्य शुल्क के नाम पर और पैसे मांगने लगे। रकम जमा कराने के बावजूद पैसे वापस नहीं मिले। आरोप है कि बाद में ट्रेडिंग अकाउंट और लिंक भी डिलीट कर दिए गए।

ट्रेनों में यात्रियों से रुपये वसूली को लेकर हुआ किन्नरों के दो गुटों में हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा रेलवे स्टेशन पर रविवार को ट्रेनों में यात्रियों से रूपये मांगने के क्षेत्र को लेकर किन्नरों के दो गुटों में विवाद हो गया। हालांकि ट्रेनों में यात्रियों से किन्नरों द्वारा रुपये वसूले जाना कानूनी अपराधी है। वहीं, दोनों पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी बढ़ते-बढ़ते रेलवे स्टेशन स्थित राजकीय रेलवे पुलिस चौकी (जीआरपी) थाने तक पहुंच गई। यहां जीआरपी कर्मियों के सामने ही दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बहस और हंगामा होता रहा। वहीं, पुलिस के समझाने के बावजूद विवाद नहीं थमा तो कई किन्नरों ने कपड़े उतारकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे चौकी के बाहर असहज स्थिति बन गई। इधर, विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ शिकायत भी दी। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और मामला शांत हो गया। जबकि थानेदार जीआरपी जसबीर ने कहा कि इस तरह के विवाद के कारण यात्रियों और आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस का प्रयास रहेगा कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



समालखा। जीआरपी चौकी पर हंगामा करते हुए किन्नर।

28 ट्रेनों के ट्रैक पर आने का करना होगा इंतजार

रेलवे की 250 ट्रेनें ट्रैक पर लौटी, यात्रियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली में सीजेपी के आंदोलन के सामान्य होते ही रेलवे की ट्रेनें भी ट्रैक भी आ गई। 250 से अधिक रद्द ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। इनमें 35 के करीब मेल व एक्सप्रेस सहित लोकल ट्रैक पर चलने वाली ईएमयू और मेमू ट्रेनें भी शामिल हैं । इसकी वजह से रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। रेलवे की मानें तो आने वाले दिनों में स्थिति सामान्य होते ही सभी ट्रेनों का संचालन हो जाएगा। अधिकारिक सूचना के अनुसार, दिल्ली, नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, पानीपत, पलवल, रोहतक, रेवाड़ी, सहारनपुर और कुरुक्षेत्र रूट सहित पंजाब व हिमाचल की तरफ चलने वाली ट्रेनों की आवाजाही फिर से सामान्य कर दी गई है। इसमें प्रमुख रूप से दिल्ली-गाजियाबाद-नई दिल्ली-अलीगढ़ रूट, पानीपत-कुरुक्षेत्र-अंबाला-कालका मार्ग, रोहतक-जींद-हिसार एवं रेवाड़ी मार्ग पर चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। हालांकि, अधिकांश ट्रेनों को हरी झंडी दे दी गई है लेकिन परिचालन व्यवस्था को पूरी तरह संतुलित करने के लिए 28 ट्रेनों को रविवार भी रद्द रखा गया है।

पुराने केस में लापरवाही, थाना प्रभारी निलंबित

- हाईकोर्ट के सवालों के बाद एसपी करनाल की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुराने आपराधिक मामले में पुलिस की कार्रवाई और अदालत के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस ने सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक रोहताश को निलंबित कर दिया है। संबंधित मामला वर्ष 2001 में दर्ज लूट और हथियारों से जुड़े मुकदमे से संबंधित बताया गया है। मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामला सिटी थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 679 से जुड़ा है। इसे 11 दिसंबर 2001 को दर्ज किया गया था। मुकदमे में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 393, 397 और 394 के अलावा शस्त्र अधिनियम की धाराएं 25, 54 और 59 लगाई गई थीं। मामले में लूट और हथियारों से संबंधित आरोप थे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अदालत ने दोनों आरोपियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने मांगा था जवाब

इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से पुलिस से कई बार जवाब मांगा गया। खबर के अनुसार, पुलिस की ओर से दिए गए जवाबों से अदालत संतुष्ट नहीं हुई। इसके बाद 14 अक्तूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक करनाल को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए गए। मामला पुराने मुकदमे में पुलिस की कार्रवाई और अदालत के सवालों का संतोषजनक जवाब देने में हुई कथित चूक से जुड़ा है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक रोहताश को निलंबित कर दिया। रोहताश करनाल के सिटी थाने में थाना प्रभारी के पद पर तैनात थे। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई को पुराने मुकदमे में जिम्मेदारी निभाने में हुई कथित लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है।



नाबालिग से अश्लील हरकत की सूचना पर पहुंची पुलिस पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

करनाल जिले के नीलोखेड़ी क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ कथित अश्लील हरकत की सूचना पर जांच करने पहुंची पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की और गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ता रोककर पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की गई तथा सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाई गई। बुटाना थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 9 अक्तूबर की रात करीब साढ़े दस बजे नीलोखेड़ी पुलिस चौकी के इंचार्ज गुरबचन सिंह को गुरुद्वारा साहिब में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित अश्लील हरकत होने की शिकायत मिली।

तीन नामजद सहित अन्य पर मुकदमा

शिकायत में नवजोत ढुमन उर्फ ज्योति, तरुण सोही और गुरनाम सिंह सहित छह-सात अन्य लोगों को आरोपित बताया गया है। बुटाना थाना पुलिस ने 10 अक्तूबर को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 126(2), 132, 221, 324(4), 191(3) और 190 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक अनिल को सौंपी गई है।

एटीएम चोरी करने का प्रयास करने के आरोप में दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी बरग्लेरी स्टाफ कम एंटी नारकोटिक सेल टू की टीम ने एटीएम चोरी करने का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एंटी बरग्लेरी स्टाफ कम एंटी नारकोटिक सेल टू के प्रभारी रमन चंदेल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि व्यासपुर के छोटा बस स्टैंड के नजदीक दो युवक संदिग्ध हालत में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कुलदीप, गौरव, दिनेश व नवतेज को शामिल कर जांच टीम का गठन कर मौके पर भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों के गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान जयचंद उर्फ मुला व शुभम उर्फ गुनी के नाम से हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने गत 8 अक्तूबर को व्यासपुर के छोटा बस स्टैंड के नजदीक लगे एटीएम को चोरी करने का प्रयास किया था। मगर वह एटीएम को चोरी करने में सफल नहीं हो सके। वहीं, व्यासपुर पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ एटीएम चोरी करने के प्रयास में मामला दर्ज किया हुआ है। सेल के प्रभारी रमन चंदेल ने बताया कि व्यासपुर पुलिस के मुताबिक एटीएम चोरी के प्रयास के दौरान आरोपियों ने मशीन को तोड़ फोड़ करके करीब दो लाख रुपये का नुक्सान पहुंचाया है।

हरियाणा खेलों की नर्सरी, खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान : महिपाल ढांडा

जाट धर्मशाला में कबड्डी का महाकुंभ, 45 टीमों के बीच मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय ऑल ओपन नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को पुरुष वर्ग के मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में 45 टीमें भाग ले रही हैं। एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेताओं सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की भागीदारी ने मुकाबलों को रोमांचक बना दिया। खिलाड़ियों ने अपने दमखम और खेल कौशल से दर्शकों का ध्यान खींचा। हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा को खेलों का प्रदेश कहा जाता है। यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की है। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला की ओर से खेल प्रतिभाओं को मंच देने की पहल सराहनीय है। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी संस्था को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। हरियाणा कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। जींद यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. रणपाल तहलान ने भी प्रतियोगिता में शिरकत कर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



कुरुक्षेत्र। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को सम्मानित करते आयोजक।

महिला वर्ग में गुरुकुल मोर माजरा की टीम प्रथम

प्रतियोगिता के पहले दिन 10 अक्टूबर को महिला वर्ग के मुकाबले हुए, जिनमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया। हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। महिला वर्ग में गुरुकुल मोर माजरा की टीम ने पहला, आईटीबीपी की टीम ने दूसरा, हिमाचल प्रदेश की टीम ने तीसरा और गांव पाई की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। रुचि यादव को बेस्ट रेडर और कोमल को बेस्ट कैचर चुना गया।

खेलों के जरिए युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल भवन तक सीमित नहीं है। शिक्षा, खेल और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से 36 बिरादरी के युवाओं को साझा मंच प्रदान करना संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी शैक्षणिक, खेल, सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। इससे युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है। संस्था का प्रयास है कि युवा खेलों से जुड़ें और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर समाज व देश के विकास में योगदान दें। प्रतियोगिता के आयोजन में अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, स्वतंत्र समूह सेवा समिति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन और महाराजा सूरजमल वेलफेयर सोसाइटी, कैथल का सहयोग रहा। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी खेल, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिल सकें।

मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की अराधना

प्रथम नवरात्रे पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

त्रिलोकपुर में मां बाला सुंदरी मंदिर में 14 दिवसीय मेले का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर





यमुनानगर। त्रिलोकपुर में मां बाला सुंदरी मंदिर में माथा टेकने जाते हुए व मंदिर के नजदीक लगी दुकानों से पूजा का सामान खरीदते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

शरदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को जिले में स्थित मां जगत जननी आदि शक्ति के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर नारियल, चुनरी व अन्य फल फूल मां के चरणों में अर्पण कर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। वहीं, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में शरदीय नवरात्र के अवसर पर चौदह दिवसीय मेले का शुभारंभ किया।

रविवार सुबह से ही मां के भक्त अपने नजदीक स्थित मां आदि शक्ति जगज जननी मां दुर्गा के मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए थे। मां के भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां के प्रथम स्वरूप शैलपूत्री के दर्शन किए और नारियल आदि चढ़ा कर मन्नत मांगी। सबसे ज्यादा पहले नवरात्र पर करीब दस हजार श्रद्धालु मां बाला सुंदरी के मंदिर में पहुंचे। महामाया मां बाला सुंदरी मंदिर में वैसे तो वर्ष भर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। लेकिन वर्ष में दो बार मंदिर में अश्विनी व चैत्र मास के नवरात्रों में मेला लगता है। जिसमें लाखों की संख्या में दूर-दराज से माता के दर्शनों हेतु भक्त आते हैं।

सदियों पुराना है मंदिर का इतिहास

हरियाणा की सीमा से सटा अति शांत एवं सुरम्य प्राकृतिक परिवेश में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर का इतिहास लगभग 437 साल पुराना है। त्रिपुरबाला, बालासुंदरी व त्रिभवानी तीनों देवियों के यहां विराजमान होने से यहां का नाम त्रिलोकपुर पड़ा। माता बालासुंदरी के भवन से ढ़ाई किलो मीटर दूर पूर्व दिशा में त्रिपुरा बाला ललिता देवी तथा दस किलो मीटर दूर उतर पश्चिम दिशा में त्रिभवानी का मंदिर स्थित है। इन दोनों देवियों के मध्य में माता ने स्थान ग्रहण किया है।

अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है दशहरा: अवस्थी

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी कमलेश अवस्थी ने बताया दशहरा पर्व का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में दशहरा पर्व का महत्व बताते पुजारी कमलेश अवस्थी।

दशहरा पर्व हिंदुओं की आस्था का प्रमुख पर्व है। इसे हर वर्ष अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की तीथि को मनाया जाता है। इस बार भी 20 अक्तूबर को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त शब्द श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रादौर के पुजारी कमलेश अवस्थी ने दशहरा पर्व का महत्व बताते हुए कहे।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी कमलेश अवस्थी ने बताया कि भगवान श्रीराम ने विजय दशमी के अवसर पर रावण का वध किया था तथा देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इस दशमी को विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग शस्त्र पूजा करते हैं और नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। विजय दशमी से पहले जगह जगह पर श्रीरामलीलाओं का आयोजन किया जाता है। विजय दशमी पर्व के मौके पर रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। अवस्थी ने कहा कि भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक और शौर्य की उपासक है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों. काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की प्रेरणा प्रदान करता है।

सांस्कृतिक पहलू भी है दशहरा का

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रादौर के पुजारी कमलेश अवस्थी ने कहा कि दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में सुनहरी फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के अवसर पर वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए वह उसका पूजन करता है। समस्त भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। दशहरे का उत्सव शक्ति और शक्ति का समन्वय बताने वाला उत्सव है। नवरात्रि के नौ दिन जगदम्बा की उपासना करके शक्तिशाली बना हुआ मनुष्य विजय प्राप्ति के लिए तत्पर रहता है। इस दृष्टि से दशहरे अर्थात विजय के लिए प्रस्थान का उत्सव का उत्सव आवश्यक भी है। भारतीय संस्कृति सदा से ही वीरता व शौर्य की समर्थक रही है। प्रत्येक व्यक्ति और समाज के रुधिर में वीरता का प्रादुर्भाव हो के कारण से ही दशहरे का उत्सव मनाया जाता है। इस पर्व को भगवती के विजया नाम पर भी विजयादशमी कहते हैं। इस दिन भगवान रामचंद्र चौदह वर्ष का वनवास भोगकर तथा रावण का वध कर अयोध्या पहुँचे थे। इसलिए भी इस पर्व को विजयादशमी कहा जाता है।

अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा धान भीगने से किसानों को भारी नुक्सान

हवा के साथ बारिश ने बढ़ाई परेशानी, कई स्थानों पर खेतों में बिछी धान की फसल



यमुनानगर। बारिश होने से जमीन पर बिछी धान की फसल फोटो : हरिभूमि



अनाज मंडी में धान भीगने से बचाने के लिए डाली गई तिरपाल। फोटो : हरिभूमि

रादौर अनाज मंडी में धान उठान की धीमी गति से किसान चिंतित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें छह महीने की मेहनत बर्बाद होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में रविवार को हवा के साथ हुई बारिश से कई स्थानों पर खेतों में खड़ी धान की फसल नीचे बिछ गई। जिससे किसानों की छह महीने की मेहनत नष्ट होने की संभावना बन गई। वहीं, जिले की अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी हजारों टन धान की फसल भीगने से किसानों व आढ़तियों को नुक्सान होने की संभावना बन गई। कई स्थानों पर गन्ने व सब्जियों की फसल को भी नुक्सान पहुंचा है। वहीं, बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक आसमान साफ था। किसान अपने खेतों में धान की कटाई में व्यस्थ थे और अन्य वर्ग अपने अपने काम धंधों में लगे हुए थे। मगर इसी बीच दोपहर के समय अचानक आसमान में घने बादल छा गए और कुछ देर बाद हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ हवा के तेज झोंके चलने से नीचले इलाकों समेत कई स्थानों पर खेतों में धान नीचे बिछ गई। जिससे फसल को भारी नुक्सान होने की संभावना बन गई। किसान बलबीर सिंह, रविंद्र, समे सिंह, विरेंद्र, पवन कुमार, मोहन सिंह व कालू आदि ने बताया कि यदि बारिश अगले एक दो दिन जारी रही तो उनके खेतों में बिछी धान की फसल के नष्ट होने की संभावना है। वहीं, अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी हजारों टन धान भीगने से भारी नुक्सान होने की संभावना है। हालांकि अनाज मंडियों में बारिश के दौरान धान की बोरियों व ढ़ेरियों पर तिरपाल आदि डालकर फसल को भीगने से बचाने का प्रयास किया गया। मगर त्रिपालों के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से हजारों टन फसल भीग गई।

बर्बादी बनकर बरसे मेघ

किसान दीप चंद, सुरेंद्र कुमार, राजबीर सिंह, विश्वास कुमार, पवन कुमार, प्रदीप राणा, हरिंद्र सिंह व श्याम सिंह आदि का कहना है कि उन्होंने अपनी धान और गन्ने की फसल को बीमारियों से बचाकर अब तक किसी तरह बचा कर रखा था। मगर अब अचानक हवा के साथ हुई बारिश से धान की फसल को नुक्सान होने की आशंका बन गई है।

तापमान गिरा

जिले के कुछ इलाकों में धीमी तो कहीं तेज बारिश होने से जिले का रविवार को तापमान घटकर अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।

अनाजमंडी रादौर में धान का उठान धीमी गति से होने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि अनाज मंडी में किसानों को धान बेचने के लिए जगह नहीं मिल रही है।

किसान जयसिंह, सुरेश मनोज, प्रदीप, पवन कुमार, विजय सिंह, रणधीर व पवन आदि ने बताया कि रादौर अनाज मंडी में रोजाना हजारों क्विंटल धान बिकने के लिए पहुंच रही है। मगर अनाज मंडी में पहले से खरीदी गई धान के ढेर लगे पड़े हैं। किसानों को अनाज मंडी में धान की फसल बेचने के लिए जगह नहीं मिल रही है। वहीं, किसानों को धान में नमी की मात्रा अधिक बताकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मजबूरी में किसानों को अपनी धान मार्केट कार्यालय परिसर में डालनी पड़ रही है। किसान सुखदेव सिंह, पोलाराम, जोगिंद्र, देवेंद्र व रणजीत आदि ने बताया कि अनाजमंडी का आकार छोटा होने से किसानों को धान की फसल डालने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है।

धान का उठान जल्द

मार्केट कमेटी रादौर के सचिव संदीप कांबोज ने बताया कि मंडी से धान के उठान का कार्य शुरू करवा दिया है। उठान का कार्य सरकारी खरीद के लगभग एक सप्ताह बाद शुरू किया गया। जिस कारण किसानों को यह समस्या आई है। मगर अब जल्द ही मंडी से धान उठान की प्रक्रिया सुचारु रुप से हो जाएगी और किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

धान का उठान नहीं होने से मार्केट कमेटी कार्यालयों पर ताले लगाने को मजबूर हैं किसान: सुरजेवाला

रादौर। हरियाणा सरकार के अनाज मंडियों में सुचारू रुप से धान की खरीद व उठान के सुचारू रुप से किए जाने का दावे खोखले साबित हो रहे हैं। आज प्रदेश के कृषि मंत्री के जिला की अनाज मंडियों में किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है। धान उठान नहीं होने से किसान मार्केट कमेटी के कार्यालयों पर ताले जड़ रहे हैं। वहीं, अनाज मंडियों में नमी के नाम पर धान को कम मूल्य पर खीरादा जा रहा है। उक्त शब्द कैथल से कांग्रेस के विधायक आदित्य सुरजेवाला ने रादौर में कांग्रेस नेता शिवकुमार संधाला के कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक लहरी सिंह, ब्लॉक प्रधान गुलजार भागुमाजरा, वरिष्ठ नेता सतीश तेजली, शहरी प्रधान देवेंद्र कुमार,



संदीप सदुरा, बरखाराम पांसरा,संग्राम सिंह राणा पालेवाला, बबलू सुढैलए, हरपाल सुढैल, बलविंदर सिंह संधाय, सचिन राणा, छोटेलाल व रणबीर सिंह रादौर आदि मौजूद रहे।

हड़ताल में 25 को छठा संत समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

संत शिरोमणि जगतगुरु रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 25 अक्तूबर को गांव हड़ताल में भव्य रुप से छठे विशाल संत समागम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी श्री गुरु रविदास जी महाराज के सचखंड दरबार जागृति मंडल डेरा हडताल माजरी के संचालक संत पूर्ण दास महाराज ने दी।

संत पूर्ण दास महाराज ने बताया कि समागम में विभिन्न संत महात्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम में श्री 108 संत निर्मल दास डेरा बाबा लालदास कपाल मोचन मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे। समागम में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संत समागम का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाओं, सामाजिक समानता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन जन तक पहुंचाना है।

प्रदेश में गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर भी सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

नगर निगम प्रशासन द्वारा कचरा बीनने वालों को वितरित की पीपीई किट

सुरक्षा उपकरण पहनकर वेस्ट पिकर करेंगे सफाई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई कार्य में लगे वेस्ट पिकर अर्थात कचरा बीनने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल की गई है। इसके तहत निगम स्टोर में वेस्ट पिकर को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट वितरित की गईं। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को सफाई कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का नियमित इस्तेमाल करने और निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा के नेतृत्व में पार्षद प्रतिनिधि पवन कुमार यादव समेत अन्य ने वेस्ट पिकर को पीपीई किट वितरित की। मुख्य सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा ने कहा कि सफाई कार्य के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने से कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों को कम करने में मदद मिलती है।



यमुनानगर। निगम कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वेस्ट पिकर को पीपीई किट वितरित करते हुए मुख्य सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

ड्यूटी पर पीपीई किट पहनकर आएं

कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक बिट्टू सिंह, स्वच्छ भारत मिशन एक्सपर्ट दुर्गेश कुमार और आकाश कुमार ने भी वेस्ट पिकर को जागरूक किया। उन्होंने वेस्ट पिकर से अनुरोध किया कि वह प्रतिदिन ड्यूटी पर पीपीई किट पहनकर आएं और सफाई कार्य करते समय आवश्यक सुरक्षा सावधानियां बरतें। साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के महत्व, स्वच्छता कार्य के दौरान स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

न्यूज डायरी



योग करके महिलाएं रह सकती हैं स्वस्थ:-शर्मा

रादौर। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा रोटरी व इनरव्हील क्लब के सहयोग से रादौर के महाराणा प्रताप पार्क में योग एवं मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था की शिक्षिका रितु शर्मा ने महिलाओं को योग व मेडिटेशन करवाया गया। संस्था की शिक्षिका रितु शर्मा ने बताया कि योग व मेडिटेशन करके महिलाएं स्वस्थ रह सकती हैं। क्योंकि महिलाएं दिन भर अपने कार्यों में व्यस्त रहने के कारण अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान नहीं दे रही हैं। जिसकी वजह से अधिकांश महिलाएं अस्वस्थ हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि दैनिक कार्यों की व्यवस्तता से कुछ क्षण निकाल कर महिलाएं योग और मेडिटेशन करके अपने आपको स्वस्थ रह सकती हैं। मौके पर इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की प्रधान परमजीत कौर ने महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति ऐहतिया बरतने की सलाह दी। उन्होंने महिलाओं को आहवान किया कि वह योग और मेडिटेशन करके अपने शरीर को स्वस्थ बनाएं। उन्होंने कहा कि योग करने से महिलाओं में तनाव की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। जिससे वे स्वस्थ जीवन जी सकती हैं। इस अवसर पर पूजा माटिया, परमजीत कौर, नीलम मेहता, नीलम वर्मा, साक्षी पुरूथी, डॉ. रिंकु शर्मा, नेहा अग्रवालए,वीणा चोपड़ा, शिवानी



मानवता को बढ़ावा दे रहा सेवा सेतु अभियान

रादौर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा सेतु संकल्प अभियान के तहत गांव अलाहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टालें लगाकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा ने अध्यक्षता की। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में गर्भवती महिला की गोद भराई की रस्म निभाई। मुख्यातिथि एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देना है। वहीं, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर विभाग की सुपरवाइजर ललतेश, मीना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा, कमलेश, सुदेश, दुलारी व प्रेम आदि मौजूद रही।

एसआईआर चुनाव आयोग की नियमित प्रक्रिया

यमुनानगर। हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी कंवरपाल गुर्जर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कहा कि मतदाता सूचियों का समय-समय पर पुनरीक्षण एवं सुधार करना केंद्रीय चुनाव आयोग की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन रखने तथा उसमें आवश्यक संशोधन करने के लिए चुनाव आयोग समय-समय पर इस प्रकार की प्रक्रिया अपनाता रहा है। उन्होंने उक्त बात जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेते हुए कही। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना तथा सूची में सही और अद्यतन जानकारी उपलब्ध होना आवश्यक है। एसआईआर जैसी प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची की समीक्षा करना और उसमें आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान पात्र नागरिकों के नाम शामिल करने, गलत प्रविष्टियों को दुरुस्त करने तथा निर्धारित नियमों के अनुसार सूची को अद्यतन करने पर ध्यान दिया जाता है। इस प्रक्रिया में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शिता बनाए रखें और पात्र मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रक्रिया में नागरिकों को जागरूक रहना चाहिए।

राधा-कृष्ण के भजनों पर महिलाएं करेंगी गरबा

राढौर। अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब व रोटरी क्लब राढौर के संयुक्त तत्वावधान में 17 अक्तूबर को कस्बा की ब्राह्मण धर्मशाला में संकीर्तन एवं गरबा उत्सव का भव्य रुप से आयोजन किया जाएगा। उत्सव में क्लब की महिला सदस्या समेत अन्य महिलाएं भाग लेंगी। इनरव्हील क्लब की प्रधान परमजीत कौर ने बताया कि कार्यक्रम में श्री राधा कृष्ण के भजनों की मधुर धुनों पर गरबा आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गरबा में भाग लेने वाले गरबा के अनुरूप अपनी पसंद की सुंदर पारंपरिक एवं रंग बिरंगी ड्रेस पहनकर आएं। यदि दांडिया हैं तो साथ लेकर अवश्य आएं। प्रधान परमजीत कौर ने बताया कि संकीर्तन के दौरान श्री राधा कृष्ण के भजनों का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव के आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को पारंपरिक गरबा के बारे तथा भारतीय संस्कृति से अवगत करवाना है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक संख्या में गरबा उत्सव में भाग लेने की अपील की।

सुबह से छाया रहा अंधेरा, ठंडी हवाओं से बढ़ी ठंड

कुरुक्षेत्र में मौसम बिगड़ा, तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित

मंडियों में धान की तुलाई और उठान रुका, खेतों में कटाई ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और तेज बारिश के कारण दिनभर अंधेरे जैसा माहौल बना रहा। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे लोगों को ठंड का एहसास होने लगा। अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को छुट्टी होने के कारण अनेक लोग घरों में ही दुबके रहे। बारिश का असर जनजीवन के साथ-साथ किसानों, मंडियों और बाजारों में भी देखने को मिला। बारिश के कारण खुले आसमान के नीचे रखा धान भीग गया। इससे पहले ही खरीद और उठान की प्रक्रिया में परेशानियों का सामना कर रहे किसानों की चिंता बढ़ गई। अनाज मंडियों में धान की तुलाई और उठान का काम प्रभावित हुआ। बारिश के चलते मंडी में कामकाज थम गया और धान को भीगने से बचाने के लिए किसानों व आढ़तियों को मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल की कटाई भी रुक गई। मौसम साफ नहीं होने के कारण किसानों को फसल की कटाई और मंडियों तक धान पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।



कुरुक्षेत्र। इस्माईलाबाद अनाज मंडी में जमा बारिश का पानी।

नवरात्र के पहले दिन बाजारों में कम रही रौनक

रविवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन बारिश का असर बाजारों में भी दिखाई दिया। आमतौर पर त्योहार के अवसर पर बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रहती है, लेकिन खराब मौसम के कारण बाजारों में अपेक्षाकृत कम लोग पहुंचे। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही कम रही और कई दुकानदार खाली बैठे नजर आए। बारिश के कारण त्योहार की खरीदारी भी प्रभावित हुई। दिनभर बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। तापमान में गिरावट के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन अचानक बदले मौसम ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं।

किसानों के अरमानों पर पानी फिरा



पिहोवा। क्षेत्र में हुई भारी मूसलाधार बरसात ने जहां किसानों की चिंता बढ़ा दी, वहीं शहर के बाजारों और निचले इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बदले मौसम के बीच आसमान में काले बादल छा गए और दिन के समय ही अंधेरा छाने जैसा माहौल बन गया। इस दौरान आसमान में बिजली कड़कती रही और तेज बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। भारी मूसलाधार बरसात से पिहोवा की अनाज मंडी सहित अन्य स्थानों पर खुले में पड़ा धान भीग गया। अनाज मंडी में बरसाती पानी के बहाव के साथ धान बहता नजर आया, जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें छा गईं। पहले से ही धान की खरीद और उठान को लेकर परेशान किसानों के लिए बारिश ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों को अपनी फसल खराब होने का डर सता रहा है। वहीं, बरसात के कारण मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंडी में जलभराव के चलते धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है।

लाडवा में खुले आसमान के नीचे पड़ा धान भीगा

लाडवा। लाडवा क्षेत्र में रविवार को आई तेज बरसात ने जहां किसानों की नींद उड़ा दी, वहीं मंडी में पड़ी किसानों की धान बरसात की भेंट चढ़ गई। खुले आसमान के नीचे पड़ी किसानों का सोना बरसात में भीग गया। बरसात से पहले किसानों द्वारा मजदूरों के साथ मिलकर मंडी में आई धान को भीगने से बचाने का प्रयास भी किया और धान की ढेरियों पर तरपालें ढकी गई, लेकिन इसके बावजूद भी हजारों क्विंटल धान बरसात की भेंट चढ़ गया। बरसात में भीगी धान को सुखाने के लिए किसानों को दोगुनी मजदूरी देनी, पड़ेगी, बल्कि धान खरीद परचेजर धाम में नमी की मात्रा बताकर खूब किसानों के साथ लूट भी मचाएंगे। कुल मिलाकर यह बरसात सबसे ज्यादा घाटे का सौदा सिर्फ किसानों के लिए साबित होगी।

न्यूज डायरी

डॉ. अशोक ने युवक के लिए प्लेटलेट्स किए दान

कुरुक्षेत्र। न दिन देखते हैं, न रात देखते हैं, रक्तदान करने वाले रक्त की बाट देखते हैं। मानवता की सेवा और जीवनरक्षा के इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए हरियाणा पुलिस के उपनिरीक्षक एवं हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने आपातकाल में एक युवक के लिए प्लेटलेट्स दान किए। इसके साथ ही उन्होंने 91वीं बार प्लेटलेट्स दान करने का गौरव प्राप्त किया। वे अब तक 186 बार रक्तदान और एक बार प्लाज्मा दान भी कर चुके हैं। खाकी वर्दी में जनसेवा का दायित्व निभाने वाले डॉ. वर्मा के लिए मानवता की सेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि जीवन का संकल्प है। जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त अथवा प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है, वे सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।



युवाओं को अहोभाव की ओर ले जाना उद्देश्य

कुरुक्षेत्र। युवाओं को मानसिक रूप से सशक्त बनाने, तनाव और शिकायत भाव से मुक्त कर जीवन में आनंद, प्रेम और सकारात्मकता का अनुभव कराने के उद्देश्य से समर्थगुरु धारा की ओर से 'मेंटल हेल्थ मैनेजमेंट थ्रू ब्लिसफुल लिविंग' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। समर्थगुरु धाम, मुरथल के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में यह कार्यक्रम भारत और विश्व के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। समर्थगुरु धारा हिमाचल प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी और शिक्षा कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिकायत भाव से मुक्त कर जीवन के प्रति कृतज्ञता और अहोभाव की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए जीवन को आनंदपूर्ण दृष्टिकोण से देखना और स्वयं के प्रति जागरूक रहना महत्वपूर्ण है। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) के माध्यम से संदेश देते हुए कहा कि जब व्यक्ति आत्मा को जानकर और आत्मस्मरण बनाए रखते हुए कर्म करता है, तो वह कर्मयोग है। समर्थगुरु धारा की ओर से प्रज्ञा प्रोग्राम के अंतर्गत तीन दिवसीय ऑफलाइन 'वैराग्य प्रज्ञा' कार्यक्रम और पांच दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम की घोषणा की गई है।



परशुराम कॉलेज में इंटराम्यूरल क्रिकेट टूर्नामेंट



कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में इंटरामुरल क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया गया। विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के तीन संकायों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल कौशल, मेहनत और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में बी.ए. संकाय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बी.कॉम. संकाय की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश पाराशर ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया तथा उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने स्वामी ज्ञानानंद से लिया आशीर्वाद

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्रीमद्भगवद् गीता के उपदेश को विश्व भर तक पहुंचाने का महान कार्य किया है। उनके प्रयासों से कुरुक्षेत्र की पहचान आज एक धर्मक्षेत्र के साथ-साथ गीता के वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित हुई है। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा रविवार को कुरुक्षेत्र के गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचे। डिप्टी स्पीकर ने संस्थान परिसर में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।



इसके उपरांत उन्होंने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान संस्थानम में धर्म के साथ-साथ समाज सेवा और जन सेवा के कार्यों को भी निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सेवा प्रकल्प समाज के लिए प्रेरणा हैं। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है।

सांसद नवीन जिंदल ने राइस मिलर्स और किसानों के साथ की बैठक

कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि आगामी सीजन से मंडियों में खरीद व्यवस्था को सुचारू और निर्बाध बनाने की दिशा में अभी से काम शुरू करना होगा। इसके लिए मंडी से जुड़े किसान, आढ़ती, राइस मिलर और सरकार की खरीद एजेंसी सभी का पक्ष सुनकर व्यवस्था में ऐसा बदलाव लाना होगा। जिससे सभी वर्गों को और अधिक लाभ मिल सके। इसके लिए उन्होंने अपनी टीम को प्रारूप तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं। सांसद नवीन जिंदल सलारपुर रोड पर श्रीकृष्ण कृपा राइस मिल में व्यापारियों और मार्केट कमेटी कार्यालय में किसानों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार से बातचीत करके नीति में ऐसा बदलाव लाने की जरूरत है कि सीजन के समय में किसान, राइस मिलर और आढ़ती तीनों में से किसी को भी परेशानी या घाटे का सामना ना करना पड़े। बहुत से किसानों ने सुझाव दिया कि उन्हें मंडी में माल उतारने के लिए जगह नहीं मिलती। साथ ही बार-बार मंडी में फसल की अनलोडिंग, फिर राइस मिल के लिए लोडिंग का ट्रांसपोर्ट का खर्चा भी सरकार पर पड़ता है ।



श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजी धर्मनगरी

बारिश भी नहीं डिगा पाई आस्था, नंगे पांव कलश लेकर निकलीं महिलाएं

5100 कलशधारी महिलाओं ने लिया हिस्सा, 27 रथों और आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां भद्रकाली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री देवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ में आयोजित आश्विन नवरात्रि शक्ति महोत्सव के शुभारंभ पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। महिलाएं नंगे पांव सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं और मां भगवती के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में नवरात्र महोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। मां के दरबार में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर के पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि आश्विन नवरात्रि शक्ति महोत्सव 11 से 26 अक्टूबर तक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम सात बजे श्री नवदुर्गा शक्ति हवन होगा। इसके साथ भजन संध्या, मंगला आरती, संध्या आरती और नवरात्रि व्रत भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 अक्टूबर को विशेष पूजा होगी, जबकि 19 अक्टूबर को दुर्गाष्टमी के अवसर पर रात नौ बजे भव्य जागरण होगा। इसमें प्रसिद्ध गायक सवाई भाट महामाई का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर पीठाध्यक्ष परिवार की ओर से मां भद्रकाली को सवा दो किलो चांदी से निर्मित गोल्ड प्लेटेड पोशाक अर्पित की गई। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने घोषणा की कि पुराने बस अड्डे से मंदिर तक झांसा रोड का नाम बदलकर ह्यमां भद्रकाली शक्तिपीठ मार्गह्ल किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष डॉ एम के मौदगिल, सेवा प्रमुख देवेंद्र गर्ग, संयोजक सुनील वर्मा, कार्यक्रम संचालक संजीव मित्तल, प्रो हेमराज शर्मा, डॉ संजय शर्मा, जीवन मौदगिल, स्नेहिल शर्मा, शकुंतला देवी, पर्जन्य गौड़, अर्जुन नरकातारी महिला मंडल, श्रद्धालु एवं हजारों की संख्या में सेवक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।



कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा में शामिल कलशधारी महिलाएं।

5100 कलशधारी महिलाएं बनीं आकर्षण

शोभायात्रा में लगभग 5100 कलशधारी महिलाएं, 500 ध्वज, 52 शक्तिपीठों के प्रतीक चांदी के 52 त्रिशूल और 104 विशेष जय मां छतरियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कुल 27 भव्य रथों में भारत माता, श्रीगणेश, हनुमान जी, नवदुर्गा, मां लक्ष्मी, महाकाली, मां सरस्वती, महिषासुर मर्दिनी, राधा-कृष्ण, यशोदा-कृष्ण और अयोध्या के राम दरबार की झांकियां शामिल थीं। इसके अलावा झांसी की रानी, शंकर-पार्वती, बाहुबली, सिंदूरी हनुमान और बर्फ पर शिव-पार्वती की झांकियों ने भी श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा।

सुमन सैनी ने किया कन्या पूजन

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कन्या श्लोका पंडित (कुहू) का पूजन कर आशीर्वाद लिया। कन्या ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों के साथ पूजन किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने पालकी उठाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं और धर्माचार्यों ने मां की ज्योति का पूजन किया। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल सिंह राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जगह-जगह हुआ ज्योति रथ का स्वागत

शोभायात्रा मां भद्रकाली चौक से शुरू होकर जनता स्कूल, रोटरी चौक, रेलवे अंडरपास, डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक, आर्य समाज मार्केट, गोल बैंक चौक, न्यू कॉलोनी, अमीन रोड, छठी पातशाही गुरुद्वारा, पालिका बाजार, सीकरी चौक और छोटा बाजार सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर ज्योति रथ का स्वागत किया। जगह-जगह हलवा-चना, फल, दूध, लस्सी, मिठाई और अन्य प्रसाद वितरित किया गया। सेवक मंडलों ने सेवा पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं को जल और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।

मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी : डॉ. सुषमा

कुरुक्षेत्र। यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ऑनलाइन जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य शालिनियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. सुषमा शर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना शारीरिक स्वास्थ्य का।



महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और देश को समृद्ध बनाएं: जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र द्वारा अग्रसेन जयंती पर अग्रसेन धर्मशाला कुरूक्षेत्र में भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में सांसद नवीन जिन्दल का कार्यक्रम स्थल में पहुंचने पर ढोल नगाड़े द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद नवीन जिन्दल ने कार्यक्रम में शामिल हुए समाज के सभी लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी श्री जयराम संस्थाएं, जितेंद्र गोयल उप प्रधान, नवकेतन गोयल महासचिव, विशेष गर्ग, अभय मित्तल मास्टर सतपाल गुप्ता, राजीव गर्ग, जयपाल गोयल, कुलवंत गर्ग, गौरव मित्तल, डॉ अनीश



सिंगला, गौरव तायल, खरैती लाल सिंगला, अर्जुन गर्ग, गोपाल गोयल और समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने सभी को नवरात्रि पर्व एवं महाराजा अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सासंद ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और देश को समृद्ध बनाएं।

नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाया हुनर



पिहोवा। अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल, पिहोवा में विज्ञान एवं कला-सह-शिल्प प्रदर्शनी इग्नाइट 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मक प्रतिभा, नवाचार और कला-कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल, कलाकृतियां और हस्तनिर्मित वस्तुएं आकर्षण का केंद्र रहीं। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने इकोकार्डियोग्राम, नेत्र सेंसर, फुट स्टेप ऊर्जा जनरेटर, अग्निशामक यंत्र एवं अग्नि चेतावनी प्रणाली, स्मार्ट सिटी, विद्युत की यात्रा, मजेदार रसायन विज्ञान, जलविद्युत और ह्यद लाइटनिंग विदिगह्ल सहित अनेक मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यशील, गैर-कार्यशील और त्रिआयामी मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया। बच्चों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी देकर अपनी विषय समझ और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

100 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग, प्रतिभागियों ने दिखाई कला

सोशल मीडिया पर छाया विरासत का सांझी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा की लोककला सांझी को बचाने के लिए विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र तथा एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छठे सांझी उत्सव में जहां एक ओर 100 से अधिक महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया वहीं पर दूसरी ओर विरासत हेरिटेज विलेज की लोककला सांझी को बचाने की मुहिम रंग लाई। विरासत सांझी उत्सव- 2026 की मुहिम सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों लोगों तक पहुंची। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत हेरिटेज विलेज व एएचए की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगें। 10 दिन तक चलने वाले इस सांझी उत्सव में बनाई गई सांझियों को देखने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों को एक माध्यम प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त अनेक कला प्रेमियों तथा लोककला पर पीएचडी करने वाले छात्रों ने सांझी कला की डॉक्यूमेंटेशन की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र का अभियान रंग लाया।



कुरुक्षेत्र। सांझी बनाते कलाकार।

20 को परिणाम किया जाएगा घोषित

विरासत में लगाई गई सांझियों का सोशल मीडिया पर कई मिलियन लोगों ने अवलोकन किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। सांझी प्रतियोगिता में डॉ. प्रीतम सिंह निदेशक अंबेडकर शोध संस्थान तथा श्री महेश जोशी उपाध्यक्ष हरियाणा कला परिषद ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने बताया कि सांझी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करने के लिए सभी 22 सांझियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता का अंतिम परिणाम 20 अक्टूबर को दशहरे के दिन ऑनलाईन पोल के माध्यम से घोषित किया जायेगा। हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने कहा कि अपनी लोक परंपराओं को जानना और उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सांझी कला बच्चों और युवाओं को हरियाणा की पारंपरिक जीवनशैली, लोक सौंदर्यबोध और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। हरियाणा की लोककला मुख्यातिथि डॉ. प्रीतम सिंह निदेशक अंबेडकर शोध संस्थान ने कहा कि हरियाणा की अनेक लोककलाएं दम तोड़ रही हैं। इनके संरक्षण के लिए सभी को आगे आना चाहिए ताकि हरियाणा की लुप्त होती लोक संस्कृति को संरक्षित कर युवा पीढ़ी से जोड़ा जा सके। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थानों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी केवल आधुनिक कला ही नहीं, बल्कि अपनी पारंपरिक कलाओं का महत्व भी समझ सके।

अतिथि अध्यापकों पर पुलिस की बर्बरता की जनसंघर्ष मंच ने की निंदा



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री कार्यालय कुरुक्षेत्र पर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे अतिथि अध्यापकों पर पुलिस की बर्बरता की जन संघर्ष मंच हरियाणा, कड़े से कड़े शब्दों में निन्दा करता है। मंच महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि जिस तरह से पुलिस ने एकदम अचानक से अध्यापकों पर वाटर कैनन से हमला किया और अध्यापकों के सिर पर लाठियां मारी, सिर फट गया,एक अध्यापक को धक्का देकर गिराया जिससे उनकी आंख को क्षति पहुंची, यह हरियाणा सरकार व पुलिस की घोर क्रूरता है। पुलिस के इस वहशीपन की जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम है। हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए हुए अतिथि अध्यापक बीते कई महीनों से अपने को नियमित करने की मांग को लेकर धरना दे रहे थे।

खबर संक्षेप

विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहा विपक्ष : विज

अंबाला। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन में विपक्षी दलों के शामिल होने को लेकर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं और देश की शांति भंग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कानून और संविधान का पालन करना जरूरी है। प्रदर्शन करना सबका अधिकार है, लेकिन इसके लिए तय नियमों का भी पालन होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जनता ने उन्हें हर जगह नकार दिया है। हाल ही में हुए उपचुनावों में भी कांग्रेस एक सीट नहीं जीत पाई। अनिल विज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विपक्षी दल कानून और संविधान को नहीं मानते। वे नॉन-इश्यू को इश्यू बनाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को लेकर नियम तय किए हुए हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी उनका पालन नहीं करते। उन्होंने कहा कि सभी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन अधिकारों के साथ नियमों का पालन करना भी जरूरी है।

लाभाकारी साबित हो रहे सेवा सेतू शिविर

नारायणगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर पात्र नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। इसके लिए लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया है। शिविर के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उनकी पेंशन संबंधी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस दौरान 7 वृद्धावस्था पेंशन और 1 विधवा पेंशन से संबंधित प्रक्रिया पूरी की गई। गांव के नजदीक ही सरकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं मिलने से लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली।

धूलकोट हादसे में दो की गिरफ्तारी पर रोक

अंबाला। धूलकोट गांव में निर्माणाधीन इमारत के ढहने से सात मजदूरों की मौत के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जमीन मालकिन प्रीतम कौर व सुपरवाइजर को बड़ी राहत दी है। अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान करते हुए जांच में शामिल होने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता प्रीतम कौर ने अदालत को बताया कि वह उस जमीन की मालकिन हैं जिस पर इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था। ईमारत निर्माण का ठेका मलकीयत का दिया गया था। मगर इस दुर्घटना में ठेकेदार की भी मृत्यु हो चुकी है।

महिला पांच साल की बच्ची के साथ लापता

अंबाला। अंबाला मार्केट स्थित एचपी गैस एजेंसी से एक महिला अपनी 5 साल की बेटी के साथ लापता हो गई। महिला का पति कपड़ों की फेरी लगाने का काम करता है। पति के अनुसार, शनिवार सुबह उसकी पत्नी बेटी को लेकर गैस एजेंसी पहुंची थी। दोपहर करीब 1:30 बजे एजेंसी से फोन आया कि महिला अपनी बेटी के साथ वहां से चली गई है। इसके बाद पति ने पत्नी और बेटी की तलाश की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जेवर एयरपोर्ट के नामांकरण पर मंत्री विज ने जताई खुशी

अंबाला। श्रम मंत्री अनिल विज ने उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा नोएडा एयरपोर्ट का नाम नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने पर खुशी जताई है। उन्होंने सपा नेता अखिलेश यादव के विरोध जताने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने इस देश को इतना मान-सम्मान दिया है, सारे विश्व में भारत का नाम है। पहले भारत को दब्बू देश माना जाता था, अब अगर कोई देश कोई दुस्साहस करता है तो उसके घर में घुसकर उसे मारा जाता है। हर क्षेत्र में तरक्की हुई है और हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। भारत को 2047 तक विकसित करने का किसी प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है तो क्या उनके नाम से कोई एयरपोर्ट का नाम भी नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि जगह-जगह नरेंद्र मोदी के नाम रखने चाहिए ताकि उनके व्यक्तित्व से आम लोग भी प्रेरणा लें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

किसानों का आरोप मंडियों में फसल बचाने की नहीं है कोई व्यवस्था

मंडियों में अव्यवस्थाओं की पोल खुली बरसात से खुले में पड़ा धान भीगा

प्रदेश की अनाज मंडियों में व्यवस्था और प्रबंधों को लेकर प्रशासन के तमाम दावे खोखले, तिरपाल ढकने के बावजूद नीचे घुस गया धान में बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। बरसात की वजह से मंडी में भीगती धान की फसल। फोटो : हरिभूमि

अचानक मौसम बदलने के साथ हुई बरसात ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी। बरसात की वजह से यहां की ज्यादातर मंडियों में खुले में पड़ा धान भीग गया। अचानक हुई कि किसानों व मजदूरों को धान को तिरपाल से ढकने तक का समय नहीं मिला। बारिश के बीच ही किसान धान को बचाने की कोशिश करते नजर आए लेकिन उनकी मेहनत पूरी तरह काम नहीं आई। तिरपाल से ढकने के बावजूद नीचे से बारिश का पानी धान में घुस गया जिसके कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। किसानों ने प्रशासन से मंडियों में फसल की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उधर रविवार को छुट्टी की वजह से मंडियों में धान की खरीद बंद थी लेकिन रोजाना की तरह धान की आवक जारी रही। किसान अपनी फसल लेकर मंडियों में पहुंच रहे थे। ऐसे में खुले में रखे धान को बारिश से बचाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण बड़ी मात्रा में फसल भीग गई। अचानक हुई बारिश ने मंडियों में धान को सुरक्षित रखने के इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मोहड़ा अनाजमंडी में अचानक बरसात से किसानों को नुकसान

अंबाला छावनी की मोहड़ा अनाज मंडी में बरसात की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ। प्रशासन के पुख्ता दावों की पोल उस समय खुल गई जब खुले आसमान के नीचे पड़ा किसानों का धान पानी में भीग गया। बरसाती पानी से बचाने के लिए किसानों को फसल बचाने के लिए भारी कसरत करनी पड़ी। ज्यादातर किसानों ने खुद के तिरपाल से धान को ढंकने की कोशिश की तो कुछ ने शैड के नीचे बची-खुची जगह में बोरियां बचाने का प्रयास किया। इसके बावजूद धान पानी से भीग गया। बोरियों में भरा धान भी पानी की भेंट चढ़ गया। किसानों का कहना है कि उनकी सूखी हुई फसल अब बारिश के पानी में भीग चुकी है। मौसम साफ होने के बाद उन्हें एक बार फिर से धान सुखाने और फटकने की मशक्कत करनी होगी। इस प्रकार धान के भीगने से उसमें नमी की मात्रा बढ़ेगी जिससे सरकारी खरीद के दौरान उन्हें नुकसान और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

अचानक बरसात से धान कटाई प्रभावित

बरसात का असर केवल मंडियों तक सीमित नहीं रहा बल्कि खेतों में धान की कटाई भी प्रभावित हुई है। खेतों में खड़ी और कटी हुई फसल पर बारिश का असर पड़ने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बरसात के बाद खेतों में नमी बढ़ने से कटाई का काम रुक सकेगा। मौसम साफ होने के बाद भी खेतों के सूखने में समय लगेगा। ऐसे में किसानों को अगले दो से तीन दिन तक धान की कटाई में परेशानी आने की आशंका है। बारिश में धान भीगने के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम साफ होने पर उन्हें फसल को दोबारा सुखाने की मशक्कत करनी पड़ सकती है। निर्धारित मानकों के अनुसार नमी नहीं होने पर किसानों को फसल सुखाने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में बारिश के आसार बने रह सकते है। किसानों की मांग है कि मंडियों में धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त तिरपाल, शेड और अन्य जरूरी इंतजाम किए जाएं, ताकि मौसम खराब होने पर उनकी मेहनत की कमाई को नुकसान न उठाना पड़े।

छावनी में मालिकाना हक पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान



अंबाला। कैंपेन के दौरान युवा नेत्री चित्रा सरवारा व अन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के एक्साइज एरिया में दशकों से चली आ रही स्वामित्व संबंधी अनिश्चितता के विरुद्ध युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने 'आजाद अंबाला कैंपेन' के जरिए निर्णायक जन-अभियान की शुरुआत की है। हनुमान मार्केट स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर हलवाई बाजार के रास्ते खान ढाबा तक पहुंचे इस अभियान ने एक बुनियादी सवाल सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है—जिन परिवारों ने पीढ़ियों तक अपनी संपत्तियों पर जीवन खपाया, सरकारी शुल्क अदा किए और अपने घरों को अगली पीढ़ी की विरासत बनाया, उन्हें पूर्ण कानूनी स्वामित्व देने के मामले में आखिर इतनी लंबी प्रतीक्षा क्यों? चित्रा सरवारा ने प्रस्तावित फ्री-होल्ड नीति में भारी शुल्क की आशंका पर सवाल उठाते हुए मांग की कि सरकार नागरिकों को अधिकार देने की प्रक्रिया को नई आर्थिक बाध्यता में तब्दील न करे। सरवारा ने इस मुद्दे को महज जमीन के कागजात अथवा राजस्व विभाग की औपचारिकता का मामला मानने से इनकार करते हुए कहा कि अंबाला छावनी के हजारों परिवारों की जिंदगी, जमा-पूंजी, कारोबार और पारिवारिक भविष्य इससे जुड़ा है। उनके मुताबिक, जब नागरिक दशकों तक संबंधित संपत्तियों के लिए हाउस टैक्स, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य निर्धारित शुल्क चुकाते रहे हैं, तब उनके स्वामित्व को स्पष्ट और सुरक्षित बनाने की मांग को अनिश्चितकाल तक प्रशासनिक प्रक्रियाओं के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता।

ये रहे उपस्थित

मौके पर सोनू गुज्जर, जीवन कुमार, सुरेश त्रेहन, वीरेंद्र गांधी, सुरेश विग, रमेश चंद्र पप्पू, उमेश साहनी बिट्टू,नवीन यादव,प्रमोद अग्रवाल,अविनाश, विजय गुम्बर, योगेश गुप्ता,सुमित अग्रवाल, चिरंजी लाल,गुरकिरपाल सिंह जस्सल,विजय वालिया,गगन मारवाह,ज्योत्स्ना वालिया,गुलशन धीमान, सुभाष चंद, नवीन यादव,गुरप्रीत सिंह, आदित्य गोयल, अश्वनी आहूजा,विनोद जौहर,कमल मक्कड़,प्रमोद अग्रवाल, पवन बांगा आदि रहे।

मरीजों के लिए अस्पतालों में लगेंगे क्यूआर कोड

■ अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निरीक्षण कर नागरिक अस्पतालों की जांची व्यवस्थाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मरीज का हालचाल पूछती अतिरिक्त मुख्य सचिव। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य, आयुष एवं राजस्व विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव. डॉ सुमिता मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नागरिक अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ अन्य चिकित्सा सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। मिश्रा ने रविवार को नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी का औचक निरीक्षण करते हुए यह बात कही। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए सबसे पहले पंजीकरण कांउटर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सिविल सर्जन को यहां पर क्यूआर कोड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को पंजीकरण के कार्यों में सुगमता हो सके। इसके उपरांत उन्होंने जनरल वार्ड के साथ-साथ एमरजेंसी वार्ड में दाखिल मरीजों से भी बातचीत करते हुए चिकित्सा सुविधाओं के बारे में पूछा। ड्यूटी पर तैनात डॉ. रितिका ने मरीजों के उपचार से संबंधित तमाम जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव को दी। उन्होंने इस मौके पर अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था को भी जांचा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारा प्राथमिकता है। मिश्रा ने सिविल सर्जन तथा पीएमओ से स्टॉफ की उपलब्धता के साथ-साथ दवाईयों व अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल की।अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में रेनोवेशन के कार्य के साथ-साथ नवनिर्मित अस्पताल के कार्य की प्रगति भी जानी। सिविल सर्जन ने बताया कि नागरिक अस्पताल का रेनोवेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। यहीं पर 200 से 300 बैड का जो अस्पताल का विस्तारिकरण का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही उसका उद्घाटन करवाकर जनता को यह सौगात भी समर्पित की जाएगी।

सीबीपी में शिक्षकों ने सीखे गणित को रोचक तरीके से पढ़ाने के गुर

■ जॉयफुल मैथ' से दूर होगा गणित का डर, खेल और गतिविधियों के जरिए पढ़ाई को बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



शैमफोर्ड विद्यालय में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सीबीएसई के दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। 'जॉयफुल मैथ' विषय पर आधारित इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को गणित को सरल, रोचक और गतिविधि आधारित तरीके से पढ़ाने की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षक डॉ. गौरव गर्ग और सिम्मी जिंदल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान दोनों विशेषज्ञों ने गणित शिक्षण की विभिन्न प्रभावी विधियों की जानकारी देते हुए बताया कि गणित को केवल सूत्रों और संख्याओं तक सीमित रखने के बजाय दैनिक जीवन के उदाहरणों से जोड़ना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि विकसित हो और वे इसे आसानी से समझ सकें। प्रशिक्षकों ने खेल-आधारित गतिविधियों, पहेलियों, गणितीय प्रश्नोत्तरी, समूह कार्य और शिक्षण सामग्री के माध्यम से बच्चों को गणित सिखाने के तरीके समझाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में विद्यार्थियों की रुचि और आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण पद्धतियां अपनाना समय की मांग है।



शिक्षा का उद्देश्य किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाना : खरबंदा

बराड़ा। समाजसेवा और मानवता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब की ओर से सनशाइन पब्लिक स्कूल बिजंलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल रजनी खरबंदा, निर्देशक कामेश्वर प्रसाद, एमडी सौरभ राणा, ज्योति सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहा। शिविर के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि रक्तदान केवल एक सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का अवसर भी है। रोटरी क्लब के प्रधान बलकार सिंह कंबोज ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता किसी मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित अंतराल पर चिकित्सकीय सलाह के अनुसार रक्तदान करना चाहिए। स्कूल प्रिंसिपल रजनी खरबंदा ने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजन विद्यार्थियों और समाज में सेवा, सहयोग तथा मानवीय संवेदनाओं की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

जैन धर्म अपने नियमों व शिक्षाओं से बना शांति का प्रतीक : अनिल

■ जैन गर्ल्स स्कूल में हुआ विश्वशांति महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह धन्य हो गए कि मुनि श्री निशचिंतसागर महाराज मेरे शहर, मेरी जन्मभूमि पर चातुर्मास के लिए पधारे। यहां विश्व शांति के लिए महायज्ञ किया गया है जिसके लिए उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन"। उन्होंने कहा महायज्ञ करने से बड़ा पैगाम इस युग में कोई दूसरा हो नहीं सकता। अंबाला छावनी का जनप्रतिनिधि होने के नाते वह सभी तरफ से मुनि श्री निशचिंतसागर महाराज को नमन करते हैं। विज रविवार सुबह अंबाला छावनी के जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में श्री दिगंबर जैन सभा द्वारा आयोजित विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ में मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म अपने नियमों अपनी सर्व शिक्षाओं के कारण हमेशा शांति का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा यदि किसी मोहल्ले में रोज मार-पिटाई होती है तो उसका असर सारे शहर में रहता है। यदि हम शांति महायज्ञ करते है तो उसकी ऊर्जा उसकी किरणें सदूर तारे तक पहुंचती हैं। मौजूदा समय में विश्व को शांति की ज्यादा आवश्यकता है।



स्वास्थ्य कैंप में दी बीमारी की पहचान की जानकारी

चंडीगढ़। सेक्टर 23 स्थित गुरुद्वारा साहिब में आज निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन समाजसेविका मोनिका भंडुला, वार्ड नंबर 17, तथा गुरुद्वारा स्थापन कमेटी, सेक्टर 23, चंडीगढ़ के सहयोग से किया गया।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री सतनाम सिंह संधू तथा श्री संजय टंडन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस स्वास्थ्य जागरूकता पहल को विशेष महत्व प्रदान किया।कैंप का उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा लोगों को समय पर बीमारी की पहचान और बचाव के प्रति जागरूक करना था। कैंप में आंखों, हृदय, शुगर, हड्डियों, त्वचा, दांतों एवं कैंसर संबंधी जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इसके अतिरिक्त लिवर फंक्शन टेस्ट, थायराइड जांच, लिवर फाइब्रोस्कैन तथा बोन स्कैन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गईं। टाटा मेमोरियल, न्यू चंडीगढ़ की टीम ने भी कैंप में भाग लिया। कैंप में डॉ. अनुराग, त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. नितिका गुप्ता,, प्रोस्थोडॉन्टिक्स विशेषज्ञ तथा डॉ. मनु गुप्ता, सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।आयोजक मोनिका भंडुला ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

नगर खेड़ा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथामृत का समापन

लीलाओं से मानव का पथ प्रदर्शित करते रहे भगवान श्रीकृष्ण : आशुतोष

अध्यात्मिक जागरण हमारे अंदर पैदा करता है राष्ट्र सेवा का सच्चा भाव : महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। कथा के दौरान मौजूद मौजूद मुख्य लोग।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की और से नगर खेड़ा मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय श्री कृष्ण कथामृत के पंचम दिवस में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी गरिमा भारती ने कथा का व्याखान किा। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण प्रभु अपने पूरे जीवन काल में तो अनेकों दिव्य लीलाओं से मानव का पथ प्रदर्शित करते ही करते हैं, उनकी लोला संवरण के पश्चात उनकी लीलाएं भी भविष्य के भक्तों का सदैव मार्ग दर्शन करती रहती हैं। लेकिन उस इन्द्रियतीत प्रभु की दिव्य लीलाओं को मानव अगर अपनी बुद्धि के स्तर पर समझना चाहे तो वह उसी प्रकार से विफल हो जाएगा जैसे पर्वत की तलहटी पर खड़ा व्यक्ति पर्वत की उंचाई का आंकलन करने में विफल हो जाता है। दुर्योधन ने जैसे भगवान श्री कृष्ण को समझा नहीं । ईश्वर का प्रत्यक्ष दर्शन घट में करता हुआ मानव उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत बना कर उनके दिखाए पथ पर अग्रसर हो पाएगा। तभी मावन में धर्म, राष्ट्र प्रेम, संस्कृति रक्षण, परोपकार, क्षमा, प्रेम जैसे गुणों का प्रकटीकरण होगा। आशुतोष महाराज जी कहते हैं कि आध्यात्मिक जागरण हमारे अंदर राष्ट्र सेवा का सच्चा भाव पैदा करता है। आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर लोग संगिठत होकर समाज की अनेकों कुरीतियों पर प्रहार कर उनका समूल विनाश कर सकते हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा जन-जन को जाग्रति का संदेश दे रहा है और लोगों को महान भारतीय संस्कृति का बोध करवा कर उनमें देश भक्ति का भाव जगा रहा है। संस्थान एक आध्यात्मिक संस्था होने के साथ-साथ एक सामाजिक संगठन भी है। जो समाज के अनेकों बदरूप हुए पहलुओं पर कार्य कर उन्हें सुंदर बनाने के लिए संकल्पित है।

अभावग्रस्त बच्चों के लिए संपूर्ण शिक्षा केंद्र उद्घाटित

नेत्रहीन व विकलांग लोगों को ब्रह्मज्ञान प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से भी समृद्ध बनाने हेतु संस्थान के द्वारा अंतर दृष्टि प्रकल्प के अंतर्गत अनेकों कारखानों का निर्माण किया गया। जिसमें कुछ महीने के प्रशिक्षण के बाद नेत्रहीन लोग अपने जीवन यापन हेतु कार्यरत हैं। संस्थान की और से अभावग्रस्त बच्चों के लिए मंथन प्रकल्प के अंतर्गत संपूर्ण शिक्षा केन्द्रों को उद्घाटित किया गया है। जिनमें अभावग्रस्त बच्चों को मुफ्त शिक्षा देकर उनका आध्यात्मिक व मानसिक विकास किया जा रहा है। संस्थान भारत की अनेकों जेलों में भी कार्यरत है। अंतरक्रांति प्रकल्प के तहत जेलों में बंद कैदियों को आध्यात्मिक विचार दिए जाते हैं। आज अनेकों कैदी ज्ञान के माध्यम से सुधरकर स्वयं सुधारक बन रहे हैं।